## खबर संक्षेप




### नेटबॉल चैम्पियनशिप में खुशबु ने जीता कांस्य पदक

**अंबिकापुर।** हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय नेटबॉल चैम्पियनशिप में सरगुजा की खिलाड़ी खुशबु गुप्ता ने कांस्य पदक हासिल किया है। खिलाड़ी को हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मेडल प्रदान किया है। कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि हरियाणा के पलवल में 28 से 31 अगस्त तक चौथी सीनियर राष्ट्रीय फास्ट फाइव नेटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम को हरियाणा से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन तीसरे स्थान के लिए हुए निर्णायक मुकाबले में टीम ने राजस्थान को हराकर कांस्य पदक जीता। इस दौरान सरगुजा की खिलाडी खुशबु गुप्ता ने कांस्य पदक जीता। पदक वितरण हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि खुशबू पूर्व में भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी हैं। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रजत सिंह ने खुशबू गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से सरगुजा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में नेटबॉल खेल को नई पहचान मिलेगी। वर्तमान में वह जी माउंट लिट्रा स्कूल में प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग मिलता रहा है। कांस्य पदक जीतने पर खुशबू को गौरव सिंह बिट्टू, सौरभ सिन्हा, केपी सिंह, निशांत सिंह गोल्डी, हिमांशु जायसवाल, प्रिया जायसवाल समेत नेटबॉल और सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ व जी माउंट लिट्रा परिवार शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### तीन भू स्वामियों को केबिनेट मंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा खुली खदान का वर्तमान में परसोढ़ीकला गांव में विस्तार किया जाना है, इसके लिए गांव की 473 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है,खदान से प्रभावित 236 लोगों को नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बताया कि प्रभावित भू स्वामियों को मुआवजा और नौकरी देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है,आज शुक्रवार को परसोढ़ीकला के तीन भू स्वामियों कर्मशः अमरेश राम पिता रूपधरण राम,संतोष कुमार राजवाड़े पिता सिमलिया राजवाड़े एवं टिकेश कुमार श्याम पिता फूलसाय श्याम को कंपनी में नौकरी देने का नियुक्ति पत्र सौंपा गया।मामले में प्रदेश के पर्यटन संस्कृति धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल के हाथों संबंधित भू स्वामियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया, इस दौरान पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने संबंधित भू स्वामियों को मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने प्रोत्साहित किया और अपनी शुभकामनाएं दी है।

## कीचड़ व सड़क के गड्ढों से लोगों की बढ़ी परेशानी

# उपेक्षा का दंश झेल रहे आदर्श ग्राम पंचायत सिरकोतंगा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

जिले के आदर्श ग्राम पंचायत में एक ग्राम पंचायत सिरकोतंगा के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। साल 2008 में एसईसीएल द्वारा बनाई गई सड़क अपनी बदहाली के कगार पर है। लगभग 15 किमी लंबी सड़क जो कटकोना से रजपुरी कला मुख्य मार्ग एनएच 130 को जोड़ती है वह सड़क अब गड्ढे व कीचड़ में तब्दील हो चुके है। पिछले तीन चार दिनों से लगातार हुई बारिश के बाद ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई। आलम यह है कि सड़क के गड्ढे व कीचड़ से क्षेत्र के लोगों न सिर्फ परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि सड़क पर जमा पानी से आवागमन करना मुश्किल हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोग पिछले 15 साल से सड़क मरम्मत कराने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति नहीं मिली है। ऐसे में क्षेत्र ग्रामीण जर्जर सड़क व कीचड़ के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- 15 साल बाद भी नहीं हुई रजपुरी कला से कटकोना सड़क की मरम्मत

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। सड़क कटकोना से पुहपुटरा और रजपुरी कला से एनएच 130 पर जाकर मिलती है। लगभग 15 किलोमीटर सड़क को एसईसीएल द्वारा लगभग 15 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क निर्माण के कई साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में हल्की सी बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। गर्मी के मौसम में भी धूल-मिट्टी उड़ती है तो वहीं बारिश में सड़क कीचड़ से सराबोर हो जाता है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती ही है साथ ही क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में गांव के बाहर जाने तथा गांव आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क की मरम्मत के लिए पिछले 15 साल से मांग की जा रही है लेकिन आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी। गर्मी व ठंड के मौसम में सूखा होने से आने जाने में ज्यादा दिक्कत नहीं होती परंतु जैसे ही बारिश शुरू होती है वैसे ही आवागमन को लेकर लोगों की समस्याएं बढ़ जाती है और मार्ग में कीचड़ होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



सड़क के गड्ढों में जमा गंदे पानी से गुजरती छात्राएं।

### तीन गांव को जोड़ती है सड़क

यह सड़क न केवल तीन गांवों को जोड़ती है, बल्कि इस मार्ग से ही संभाग के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आने जाने का मुख्य रूट है। ग्राम पंचायत सिरकोतगा व पूहपुटरा को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार, ग्रामीण बैंक, हायर सेकेंडरी स्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण बडी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### जिम्मेदारी से झाड़ते है पल्ला

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क मरम्मत की जिम्मा एसईसीएल का है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन बार-बार कहने के बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। जब क्षेत्र के ग्रामीण ने प्रबंधन से संपर्क किया, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि सड़क मरम्मत का मुद्दा सरकारी विभाग का है। जबकि प्रशासन इसे एसईसीएल की जिम्मेदारी बताकर खुद को अलग कर लेता है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि सड़क की मरम्मत कौन कराएगा।

### प्रशासन लगाई सड़क मरम्मत की गुहार

सड़क के जर्जर तथा जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी को लेकर ग्राम पंचायत रजपुरी कला,ग्राम पंचायत सिरकोतगा, ग्राम पंचायत पुहपुटरा, ग्राम पंचायत कटकोना के सरपंच, उपसरपंच, जनप्रतिधि सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने लंबे समय से अधिकारियों को अवगत करा रहे है लेकिन सड़क की मरम्मत आज तक नहीं हो सकी। हाल ही में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के जन दर्शन कार्यक्रम में सड़क मरम्मत कराई की गुहार जिला प्रशासन से लगाई है।

### शीघ्र ही कराएंगे मरम्मत

ग्राम पंचायत सिरकोतगा, पुहपुटरा मार्ग की हालत काफी खराब है। समस्या के समाधान के लिए सिरकोतंगा और पुहपुटरा के सरपंच एवं सचिव मिलकर एसईसीएल प्रबंधन से समन्वय करेंगे। शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

-स्वेच्छा सिंह
जनपद सीईओ, लखनपुर

# शिवनंदनपुर में मना करमा पर्व, मांदर की थाप पर हुए पारंपरिक लोकगीत एवं नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पारंपरिक महापर्व करमा का आयोजन इस वर्ष भी हर्षोल्लास और गरिमामई वातावरण में संपन्न हुआ,स्थानीय जय सेवा समिति शिवनंदनपुर द्वारा लगातार दूसरे वर्ष किए गए इस आयोजन ने एकता, भाईचारे और प्रकृति रक्षा का अद्भुत संदेश दिया। इस दौरान हजारों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना में हिस्सा लिया।

- एकता, भाईचारे व प्रकृति रक्षा का दिया गया सन्देश

कार्यक्रम की शुरुआत हे करम पेनता अर्जी विनती से हुई, यहां उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि खेत-खलिहान अन्न से भरे रहें,जंगलों की हरियाली बनी रहे,नदियां अमृत की तरह बहती रहें और परिवारों में सुख-शांति कायम हो,लोगों ने यह भी संकल्प लिया कि वे प्रकृति को प्रदूषित नहीं करेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल-जंगल-जमीन को सुरक्षित रखेंगे, समिति के संरक्षक मंठूराम शांडिल्य ने करमा कहानी का वाचन किया,उन्होंने कहा कि करमा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय पर्व है,जो आपसी भाईचारे और सम्मान का संदेश देता है,कार्यक्रम में महिलाओं व पुरुषों ने पारंपरिक कपड़े पहनकर अपने सांस्कृतिक स्वरूप को जीवंत किया,इस दौरान मांदर और ढोल-नगाड़ों की गूंज पर लोकगीत गाए गए और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुति हुई,इसके पश्चात भंडारा और उपवास परंपरा अनुष्ठान उपरांत सामूहिक भोज का आयोजन हुआ,उपवास रखने वालों ने फल और प्रसाद ग्रहण कर करमा पेनता से आशीर्वाद मांगा,इस अवसर पर समिति के संरक्षक एवं सदस्य जीवन उईक,शेष राम शांडिल्य, मान सिंह उईके, शंभु उईके, सुन्दर साय शांडिल्य, संजू शांडिल्य, जोधन, ज्योत नेताम, अशोक आर्मो, सुरेश बखला, मंगल मरावी, विनेश्वरी शांडिल्य, प्रीति उईके व अन्य उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बतौली थाना अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी रविकांत एक्का आ. सीताराम एक्का (26 वर्ष) 2 सितंबर को परिजन को बिना बताए ही सुबह घर से निकला था। रात जब परिजन सो रहे थे तभी घर पहुंचा और उल्टी करने लगा। युवक के उल्टी करने पर पिता उठा और पूछताछ की तो युवक कुछ नहीं बताया। युवक के पास कीटनाशक का डिब्बा देख पिता ने कीटनाशक पी लेने पर उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# पिकअप के पीछे टकराई, बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम बनया जा रहे बाइक सवार पिता पुत्र ग्राम हर्रा टिकरा मुख्य मार्ग पर पिकअप चालक के अचानक वाहन रोक देने से पिकअप के पीछे जा घुसे। दुर्घटना में पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र घायल हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम कतकालो निवासी बृजभान आ. स्व. भिटकू मांझी (45 वर्ष) गुरुवार की दोपहर किसी काम के सिलसिले में पुत्र सुंदर के साथ बाइक से ग्राम बनया जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार हर्रा टिकरा मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी सामने जा रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वाहन को रोक दिया। अचानक पिकअप वाहन के रूक जाने पर पीछे से आ रहे बाइक सवार सीधे पिकअप के पीछे जा घुसे जिससे बाइक सवार पिता पुत्र घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बृजभान की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# लंबे इंतजार के बाद समितियों में पहुंचा यूरिया



**सीतापुर।** यूरिया की किल्लत को लेकर चल रही जद्दोजहद के बाद किसानों को रहत मिली है। लंबे इंतजार के बाद यूरिया की खेप पहुंच गई है। हालांकि कई समितियां पर्याप्त मात्रा में भंडारण नही होने से यूरिया खाद से वंचित रह गई है। इसके साथ ही जिन समितियों में यूरिया पहुंचा है वहां भी मात्रा पर्याप्त नहीं है ऐसे में किसानों में असंतोष है और खाद की समस्या की वजह से इस बार खेती काफी प्रभावित हुई है।

विदित हो कि खाद को लेकर चल रहे मारामारी के बीच लंबे इंतजार के बाद समितियों में खाद नसीब हुआ है। खेतों में खाद की जरूरतों को पूरा करने किसानों को चार से पांच गुना अधिक कीमत पर मजबूरन खाद खरीदना पड़ा। इस कालाबाजारी से किसानों में भारी आक्रोश था। खेती किसानी के समय खाद की किल्लत को लेकर किसान समेत विपक्षियों ने खूब हंगामा मचाया। काफी दिनों तक चले हंगामे और जदोजहद के बाद समितियों में खाद की खेप पहुंची है। हालांकि यूरिया खाद कुछ समितियों को ही नसीब हो पाया है बाकी के समितियों को अभी खाद के लिए इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल खाद संकट के दौरान जितनी मात्रा में यूरिया खाद भेजा गया है उसे देखते हुए किसानों का कहना है कि इससे किसानों की जरूरत पूरी नहीं होगी। इस संबंध में खाद नियंत्रक अधिकारी संतोष बेक ने बताया कि ऊपर से जितना स्टॉक यूरिया खाद का आया था। उसे तीनो ब्लॉक के प्रमुख समितियों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि सीतापुर के समिति आमाटोली को 29.250 मीट्रिक टन, मैनपाट के कमलेश्वरपुर को 27.900 मीट्रिक टन, बतौली को 27 मीट्रिक टन एवं राजापुर समिति को 20 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध कराया गया है।शेष समितियों के लिए यूरिया खाद की मांग की गई है। जैसे ही खाद पहुंचेगी वैसे ही समितियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 7 सितम्बर 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जन
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग
सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ.रितेश सिंह MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम.बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनाँक -: 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 7354260555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery)
मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS(AFMC) MD(Psychiatry)BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार MBBS,MD (General Medicine) MD (Nephrology)
डॉक्टर्स हाउस / सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल -II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन MS,MCH,FHU, Neuro Surgery
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस.,एम.डी. (मनोरोग)
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM (Neurology) FNB (Neurologist)
07 सितम्बर 2025,माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 शिक्षक दिवस पर याद किए गए सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 व 10 अक्टूबर को किया जाना है। जिसके लिए नियोक्ता पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल की साइट ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट ईन में की जा रही है। मेले के लिए उपलब्ध रिक्तियों 6,650 से अधिक है जो पोर्टल के मेन्यू के अंतर्गत लिंक पर देखी जा सकती है। उन्होंने इस संबंध में बताया है कि जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मेला के लिए आवेदन किया है, जिला लॉगइन के डैशबोर्ड पर उनकी सूची पूर्ण तथा अपूर्ण प्रोफाइल दो वर्ग में देखी जा सकती है। जिन अभ्यर्थियों का नाम सूची क्रमांक 2 में है वे अपनी जानकारी पूर्ण कर लेवें। जिनका नाम सूची क्रमांक 1 मे है वे रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाइल जल्द पूर्ण कर लें।

### आरटीओ ई-चालान के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

**बलरामपुर।** साइबर ठग अब ट्रैफिक नियम तोड़ने के नाम पर आरटीओ का ई चालान भेजकर लोगों से ठगी को अंजाम दे रहे है। ठग लोगों के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उनसे ठगी करने के साथ ही व्यक्तिगत जानकारी और जमा खातों से पैसे चुरा ले रहे है। ऐसे में परिवहन विभाग ने लोगों को झांसे में नहीं आने व जागरूक रहने की सलाह दी है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में डराने वाले संदेश के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते हैं। परिवहन विभाग ने लोगों से आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक जैसे (डॉट एपीके फाइल) पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ई चालान डॉट परिवहन डॉट जीओव्ही डॉट ईन पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑनलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है तो पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। परिवहन विभाग ने बताया है कि यदि आपको किसी ई-चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें, और अपने खाते से किसी भी लेने-देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज।** गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए। इस दौरान मरमा के बजरंग दल ने कार्रवाई की मांग की है।

### सास का किया गया अग्नि संस्कार

# चेन्नई से पहुंचे दोनों भाई, पीएम के बाद किया गया मृतकों का अंतिम संस्कार



मृतकों का अंतिम संस्कार करते परिजन एवं ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम धनेशपुर में बांध के टूटने से पानी के तेज बहाव में अपनी जान गंवाने वाले एक परिवार के पांच सदस्यों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। रामवृक्ष के दोनों बेटे धनेश एवं गणेश के पहुंचने पर बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती मृतकों का पीएम किया गया। पीएम उपरांत सभी के शव ग्राम धनेशपुर लाए गए तथा अंतिम संस्कार किया गया।

**खास बात**
- बहुओं एवं बच्चों को किया गया दफन

एक महीने पूर्व ही धान की रोपाई पूरी करने के बाद रामवृक्ष के दोनों बेटे सजीवन एवं गणेश मजदूरी करने चेन्नई गए थे। इस बीच मंगलवार की रात लगभग 9:30 बजे लुत्ती बांध टूट गया तथा रामवृक्ष का पूरा परिवार तबाह हो गया। बांध के तेज रफ्तार पानी में बहने से रामवृक्ष की पत्नी बतसिया (63वर्ष), बड़ी बहू चिता सिंह (35 वर्ष) पोती प्रिया (6 वर्ष), छोटी बहू रजंती सिंह (30वर्ष), पोता कार्तिक (6वर्ष) की मौत हो गई जबकि परिवार के दो सदस्य अभी भी लापता हैं। लापता लोगों को तलाशने एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम पिछले तीन दिनों से अभियान चला रही है। प्रशासन द्वारा बुधवार को चेन्नई में रह रहे सजीवन एवं गणेश को सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही दोनों धनेशपुर के लिए रवाना हो गए थे।

शुक्रवार को सुबह दोनों बेटे गांव पहुंचे तो घर-परिवार की हालत देख फूट-फूटकर रोने लगे। ग्रामीणों द्वारा ढांढस बंधाने के बाद सुबह 9 बजे सजीवन एवं गणेश बलरामपुर जिला अस्पताल पहुंचे जहां सभी के शवों का पीएम किया गया। पीएम उपरांत शव वापस धनेशपुर लाए गए तथा परंपरानुसार शवों का अंतिम संस्कार किया गया। रामवृक्ष की पत्नी बतसिया का अंतिम संस्कार किया गया जबकि दोनों बहुओं एवं बच्चों को दफनाया गया। पीएम में दोनों बहुओं चिंता एवं रजंती के गर्भवती होने की बात सामने आई जिसके बाद उन्हें भी दफनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के लोग एवं रिश्तेदार उपस्थित थे।

**बढ़ा तलाशी का दायरा**

एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार को भी पूरे दिन लापता दो सदस्यों को तलाशने का अभियान चलाया। दो दिन के भीतर ग्राम धनेशपुर का चप्पा-चप्पा छानने के बाद भी लापता लोगों का सुराग नहीं मिलने पर टीम ने अब तलाशी का दायरा बढ़ा दिया है। टीम गांव से 3 किमी दूर कनहर नदी तक आसपास के नालों गड्ढों एवं नदी किनारे लापता सदस्यों को तलाशती रही। खबर लिखे जाने तक टीम को लापता लोगों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। क्षेत्र के ग्रामीण भी अलग-अलग टीमें बनाकर संभावित स्थानों पर लापता ग्रामीणों को तलाश रहे हैं। स्थिति को देखते हुए शनिवार को भी तलाशी अभियान जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

**कृषि मंत्री ने की प्रभावितों से मुलाकात**

लुत्ती डैम टूटने से प्रभावित ग्रामीणों की पीड़ा को बांटने कृषि मंत्री रामविचार नेताम जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के वार्डों में भर्ती घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना और ढांढस बंधाया। मंत्री ने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वोत्तम चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान अस्पताल में भर्ती श्रीमती रेवती से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि यह संकट की घड़ी है, सरकार आपके साथ खड़ी है। आपके इलाज और पुनर्वास में हर संभव मदद किया जाएगा। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, एसपी बैंकर वैभव रमनलाल, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



## शिक्षिका ने बच्ची से कराई उठक-बैठक अब खड़ा होना भी हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक बच्ची से इतनी बार उठक बैठक कराई गई कि अब वह खड़ी तक नहीं हो पा रही है। मामला जिले के डीएवी प्रतापगढ़ का बताया जा रहा है। परिजन का आरोप है कि उठक बैठक के कारण उसके पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल प्रबंधन ने परिजन को टाल मटोल कर वापस भेज दिया। छात्रा के परिजन ने इस मामले की शिकायत एसपी व आला अधिकारियों से करने के साथ ही जांच व कार्रवाई की मांग की है।

- परिजन ने लगाई न्याय की गुहार, डीएवी प्रतापगढ़ का मामला

बताया जा रहा है कि दूसरी कक्षा की एक बच्ची सीतापुर के गुतुरमा में अपने चाचा के घर रहकर प्रतापगढ़ स्थित डीएवी स्कूल में पढ़ाई करती है। छात्रा के बड़े पिता व पिता का आरोप है कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान एक शिक्षिका ने बच्ची से लगभग 100 बार उठक बैठक कराई इसके साथ ही बच्ची के साथ मारपीट की। छात्रा ने बताया कि जब उसने शिक्षिका से बाथरूम जाने की अनुमति मांगी तो मोबाइल फोन देख रही शिक्षिका ने उसके पैर में दो डंडे मारे और फिर उठक बैठक कराई। उठक बैठक के दौरान भी शिक्षिका ने बच्ची के साथ मारपीट की। मारपीट और उठक बैठक कराने से छात्रा अब ठीक से खड़ी तक नहीं हो पा रही है और उसका दर्द से बुरा हाल है। परिजन का आरोप है कि जब वह बच्ची के साथ हुई इस घटना की शिकायत लेकर प्राचार्य के पास पहुंचे तो प्राचार्य ने जांच व कार्रवाई करने के बदले इस घटना को ही झुठला दिया और उन्हें स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई न्याय नहीं मिला। ऐसे में उन्होंने इसकी शिकायत एसपी कार्यालय में की है। बड़ी बात यह है कि बच्ची की मां पहले से ही अस्पताल में भर्ती है और अब उसकी बच्ची के साथ शिक्षिका ने अमानवीय व्यवहार की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद बच्ची के पैर के मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है जिससे उसे खड़े रहने और चलने फिरने में दिक्कत हो रही है।

**की जाएगी जांच**

परिजन की ओर से शिकायत नहीं आई है, फिर भी अगर एसी घटना हुई है तो इसकी जांच की जाएगी। जांच में जो भी दोषी होगा उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
दिनेश झा,
डीईओ सरगुजा

## बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्र में खपाने के लिए बोरी में भरकर अंग्रेजी व बियर लेकर जा रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व उड़न दस्ता की टीम बलरामपुर जिले के थाना त्रिकुंडा ग्राम चेरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान चेरा मेन रोड पर एक बाइक सवार काफी तेज रफ्तार से आ रहा था। जिसे देख उड़नदस्ता की टीम न पीछा कर रोका और पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम राज कुमार पटवा और ग्राम सुलसुली निवासी बताया। टीम ने युवक के बाइक में बंधे बोरी की तलाशी ली तो बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद किया। पूछताछ में युवक ने बताया कि एक पेटी अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश के परसापाली तथा एक पेटी बियर खरीद कर ला रहा था। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने बाइक सहित अंग्रेजी शराब व बीयर को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने युवक के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59 (क) 36 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारू राम, अशोक सोनी, रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रहे।



## निरीक्षण में अनुपस्थित रहे चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सख्त निर्देश के बाद भी पीएचसी, सीएचसी की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रह रहे है। इतना ही नहीं अस्पताल में मरीजों को जो दवाएं प्रदान की जा रही है उनपर मैन्युफैक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं है। इस बात की पुष्टि खुद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के निरीक्षण में हुई है। जेडी ने धरमपुर और पम्पापुर के अनुपस्थित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

बता दें कि 4 सितम्बर को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाले पीएचसी पम्पापुर और धरमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। पीएचसी पम्पापुर में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि अधिकारी कर्मचारी बिना कोई आवेदन दिए ही अवकाश पर जाते है जो एक बड़ी लापरवाही है। अस्पताल में आपत्कालीन ड्यूटी रोस्टर भी चस्पा नहीं था। एनएच किनारे पीएचसी को इंगित करने वाला बोर्ड नहीं था। इसके साथ ही अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह, एएमओ प्रज्ज्वल सिंह 1 दिन, एएमओ श्रीमती प्रीति जायसवाल 3 दिन, श्रीमती श्रीति ओझा लैब टेक्निशियन 2 दिवस, श्रीमती सत्यभामा शर्मा एक दिवस अनुपस्थित तथा एएनएम प्रमिला सिंह 3 दिन अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही पीएचसी धरमपुर में संस्थागत प्रसव की मासिक उपलब्धि लक्ष्य के विरूद्ध कम पाई गई। लैब जांच कक्ष अव्यवस्थित पाया गया व इसमें साफ-सफाई का अभाव पाया गया, आईपीडी वार्ड में दवाइयों का एम्पुल टूटे-फूटे हालात में दवाई स्टैंड में पाया गया जो वहां पदस्थ स्टाफ परिधारिकों के कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। इस हेतु मंगली भगत व सुषमा कच्छप स्टाफ नर्सों को कारण बताओं नोटिस जारी करने निर्देश जारी किया गया है। श्रीमती शबाना खातून एएनएम द्वारा अग्रिम उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने तथा दिलबरन राम द्वारा अनुपस्थित रहने की जानकारी सामने आई। जेडी ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब माँगा है। इसके साथ ही निर्देश दिया गया है कि सीएमएचओ कमियों को दुरुस्त कराएं। भविष्य में पुनः लापरवाही मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार क्लीनर की मौत, बीच सड़क पर पड़ा रहा शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार क्लीनर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक का पहिया घटनास्थल से 200 मीटर दूर जा गिरा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह गुरूवार की शाम सूरजपुर से भवानी बस यात्रियों को लेकर उदयपुर पहुंची थी। यात्रियों के उतर जाने पर चालक जनपद कार्यालय परिसर में बस को खड़ी कर भोजन बनाने की तैयारियों में जुट गया जबकि ग्राम लैंगा निवासी क्लीनर जयपाल आ.स्व.गेंदाराम किसी काम से बाइक से पुलिस थाना की ओर चला गया। इस दौरान रात्रि लगभग 8.30 बजे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह बाइक से गिर गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई वहीं बाइक का पहिया 200 मीटर दूर जा गिरा। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले किसी भी यात्री ने उस पर ध्यान नहीं दिया तथा क्लीनर का शव बीच सड़क पर पड़ा रहा। इस बीच कोरबा की ओर से आ रहे युवा मित्र मंडली के सदस्य जितेंद्र शर्मा ने सड़क पर क्लीनर का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ मण्डली के सदस्यों ने बारिश के बीच युवक के कफन की व्यवस्था की तथा शव को 112 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा शव को मरच्यूरी में रखवाया। इधर जनपद कार्यालय परिसर में भोजन तैयार कर चालक अपने साथी क्लीनर के पहुंचने का इंतजार कर रहा था। घटना की सूचना पर चालक भी अस्पताल पहुंचा एवं बस मालिक को हादसे की सूचना दी। शुक्रवार को परिजन के पहुंचने पर शव को पीएम के लिए भेजा गया।



## 8 मीट्रिक टन खाद का भंडारण, अधिक मूल्य में बिक्री पर किसान कर सकते हैं एफआईआर

**बलरामपुर।** जिले में मानसून के प्रारंभ होने के साथ ही कृषि कार्य प्रारंभ हो गए हैं। अच्छे मानसून से खेतों में फसल लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले के समस्त सहकारी खाद विक्रय केंद्रों में निर्धारित समय में खाद का भंडारण पूर्ण कर आवश्यकतानुसार कृषकों को वितरित किया जा रहा है। साथ ही समय-समय पर खाद उपलब्ध मात्रा की जांच कर मांग के आधार पर भंडारण की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को खाद वितरण में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। नियमित उपलब्धता की जांच करें साथ ही यदि किसी केंद्र पर कमी की सूचना मिलती है तो तत्काल भंडारण कर उसकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर श्री कटारा ने किसानों से कहा है कि यूरिया के निर्धारित मूल्य 266.50 प्रति बोरी से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करा सकते है। यूरिया भंडारण के संबंध में जिला विपणन अधिकारी सुश्री प्रितिका केरकेट्टा ने जानकारी दी है कि जिले के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया मंगाया गया और अतिरिक्त भंडारण किया गया। इसके साथ ही समितियों में मांग अनुरूप वितरण करते हुए समितियों से किसानों की मांग के अनुसार वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में खाद भंडारण के लक्ष्य के विरूद्ध अतिरिक्त भण्डारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि समितियों में अब तक लगभग 8 हजार 300 मीट्रिक टन का भण्डारण किया गया। जिसमें से लगभग 7 हजार मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कुछ दिवस पूर्व 391 मीट्रिक टन यूरिया मांग अनुसार समितियों में भण्डारण किया गया और आज 425 मीट्रिक टन यूरिया मांग अनुरूप भण्डारण किया जा चुका है। इसके साथ ही 160 मीट्रिक टन यूरिया झिंगो गोदाम में भंडारित है। गौरतलब है कि जिले के सभी 37 सहकारी समितियों में आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही प्रशासनिक टीम नियमित रूप से केंद्रों का निरीक्षण कर रही है।

### मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदान किया प्रशस्तिपत्र

# राज्यपाल ने सरगुजा की शिक्षिका अनिता एवं बंदना को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शिक्षक दिवस पर राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असोला की व्याख्याता अनिता मंदिलवार एवं माध्यमिक शाला केशवपुर की शिक्षिका वंदना महथा को सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी के व्याख्याता अजय चतुर्वेदी को पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया।

अनिता मंदिलवार शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में जीव विज्ञान की व्याख्याता हैं। साहित्य सृजन की दृष्टि से अपनी कविताओं एवं लेखन के कारण हमेंशा चर्चा में रहने वाली श्रीमती मंदिलवार ने समाज एवं विद्यालय के बीच ऐसा समन्वय स्थापित किया कि बच्चों एवं अभिभावकों की विद्यालय से दूरी कम हो गई। उन्होंने बच्चों को उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों से अवगत करा उन्हें जिज्ञासु बनाया। बच्चे शिक्षकों से अपनी जिज्ञासा को शांत करने सवाल पूछते हैं तथा शिक्षक उनका जवाब देते हैं जिससे बच्चे सहज ही विषय वस्तु को समझ जाते हैं। उन्होंने अध्यापन में नवीन शिक्षण विधियों, तकनीकी साधनों एवं उदाहरणों के माध्यम से बच्चों की रूचि को विज्ञान के प्रति जगाने का काम किया है। नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं परीक्षा व्यवस्था पर उनका विशेष ध्यान रहा है। उनका कहना है कि हमारा दायित्व बच्चों को सिर्फ शिक्षा तक सीमित रखना नहीं है बल्कि उनके भविष्य का निर्माण करना है। व्याख्याता श्रीमती मंदिलवार साहित्य सृजन के क्षेत्र में जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अनेकों सम्मान पा चुकी है। माध्यमिक शाला केशवपुर की शिक्षिका वंदना महथा अपने नवाचारों के लिए चर्चित रही हैं। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए नवाचारों का सहारा लिया। स्वयं के व्यय से बच्चों के बीच खेल गतिविधियां कराने के साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करने लगी। शाला का सौंदर्यीकरण की पहल करने के साथ बच्चों की सुविधा के लिए साउण्ड सिस्टम, माइक, ड्रम, व्हाइट बोर्ड एवं खेल सामग्री की खरीदी की। बच्चों को भी टाई, बेल्ट, आईकार्ड देकर उन्हें स्मार्ट बनाया। किशोरियों के लिए सेनेटरी पैड की व्यवस्था की तथा माताओं को बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अध्यापन में टीएलएम का उपयोग किया साथ ही बच्चों को अंग्रेजी बोलने की कला सिखाई। कोरोना काल में भी वे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़ी रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से अब उनका विद्यालय स्मार्ट स्कूल बन गया है तथा उन्हें भी अनेक अवार्ड मिले हैं। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने दोनों शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र, प्रशस्तिपत्र एवं राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया।



**अजय को मिला पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार**

व्याख्याता अजय चतुर्वेदी पिता महेंद्र नाथ चतुर्वेदी को शिक्षक दिवस पर राज्यपाल रमेन डेका ने डॉ.पदुमलाल पन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अजय चतुर्वेदी सरगुजा संभाग के प्रथम शिक्षक हैं जिन्हें पदुमलाल पन्नालाल स्मृति पुरस्कार से नवाजा गया है। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए चार स्वयंसेवकों का चयन

**अम्बिकापुर।** एसजीजीयू के रासेयो प्रकोष्ठ का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन का आयोजन गुरूवार को पीजी कॉलेज परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। चयन क्षेत्रीय निदेशक प्रतिनिधि डॉ.राजकुमार वर्मा, रासेयो समन्वयक डॉ.एसएन पाण्डेय, डीएसडब्ल्यू डॉ.हरिशंकर प्रसाद तोंडे, एनसीसी अधिकारी दीपचंद एक्का, लेफ्टिनेंट अंजना, जिला संगठक एमसी हिमधर, डा.विनायक साय, खेमकरण अहिरवार एवं राजीव कुमार की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। प्रथम चरण में चयनित स्वयंसेवकों की ऊंचाई नापी गई तथा मापदंड के आधार पर चयन किया गया। स्वयंसेवको ने 10 मिनट में 1.5 किमी की दौड़ लगाई। 20 मिनट का परेड एवं मार्च पास्ट किया। घुटने, अनुभव, संचार कौशल एवं गायन-वादन की जांच उपरांत समिति ने दो छात्र और दो छात्राओं का चयन कर राज्य समिति को भेजा। चयनित स्वयंसेवको में जशपुर के गौतम यादव, बैकुण्ठपुर के सुशील कुमार, अम्बिकापुर की कुमारी आकांक्षा टोप्पो, चिरमिरी की कुमारी मानसी शामिल है प्रतिक्षा सूची में मनीष कुजूर, कुमारी नम्रता तिग्गा का चयन किया गया है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 7 सितंबर को छ.ग. के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ.गौरीशंकर सिंह, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ, डॉ.मनीष चौरसिया, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बीबी कुमार, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.आशु जैन, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉ.निशांत कुमार साहू, ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



### शहर में निकला भव्य जुलूस, सभी कमेटियां एक साथ हुई शामिल

# मुस्लिम समाज के जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर दिया एकता-भाईचारे का संदेश



समारोह में उपस्थित सभी समाज के पदाधिकारी व कमेटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समाज द्वारा हजरत मुहम्मद साहब का 1500 वां जन्मदिन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सीरतुन्नबी के नेतृत्व में एक विशाल जुलूस का आयोजन किया गया। इस दौरान जगह जगह विभिन्न समाज के लोगों के जुलूस का स्वागत किया। जुलूस उपरान्त कला केंद्र मैदान में जलसे का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म समाज के लोग शामिल हुए और मुहम्मद साहब पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही कमेटी द्वारा शिक्षा, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर समाज के लोगों ने देश में एकता, अखंडता और अमन चैन की दुआ मांगी। खास बात यह है कि समिति की ओर से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। बता दें कि मुस्लिम समाज के द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहली बार सीरतुन्नबी कमेटी के साथ जामा मस्जिद और सभी मस्जिदों की कमेटियां शामिल हुई और भव्य जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस शहर के सभी मस्जिदों से रवाना होकर अब्दुल हमीद चौक, महामाया गेट, बरेज तालाब रोड, जयस्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक और घड़ी चौक से होते हुए कलाकेंद्र मैदान पहुंचा जहां जलसे का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन नाजमिया मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही में किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हज़रत मुहम्मद साहब ने इस्लाम में यह सन्देश दिया है सच्चा मुसलमान कभी भी अपने दिल में दूसरों के लिए नफरत नहीं रखता है। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा, साफ सफाई का भी संदेश दिया है। इसके बाद कारी हाफिज असीमुद्दीन साहब की तिलावत-ए-कुरान पाक से कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। इस मौके पर सभी धर्मों के धर्मगुरु आमंत्रित किए गए। मुख्य वक्ताओं में शहर क़ाज़ी मौलाना अबुल्लैस आज़मी, ब्राह्मण समाज से सतेंद्र तिवारी, विशप हाउस के विकर जनरल फादर विलियम उर्रे, गुरु सिंह सभा के सचिव सरदार हर्षदीप सिंह धनंजल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सभी ने हज़रत मुहम्मद साहब जिंदगी और उनकी शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं अतिथि के रूप में निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरविंदर सिंह टिंनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, राकेश गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अंबष्ट, प्रकाश साहू, सीमा सोनी व समाज से रशीद अंसारी, मोहम्मद इस्लाम, सफदर अली, एफडी खान, मोहम्मद बाबर इदरिसी, परवेज आलम गांधी, पार्षद मेराज रंगरेज सहित अन्य मौजूद थे।

**खास बात**

- पंजाब में बाढ़ प्रभावितों को दी एक लाख की सहायता राशि



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया फल वितरण

1500 वां जश्ने ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर शुक्रवार को सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान कमेटी के सदर जनाब जमाल खान (मोनू), नायब सदर मो.नियाजुद्दीन खान (निक्की), वसीम खान (सोनू), तौसीफ रज़ा व ईशान खान उपस्थित रहे।

## अंजुमन कमेटी द्वारा नगर में निकाला गया जश्न ए जुलूस

**बिश्रामपुर।** मुस्लिम समुदाय द्वारा पैग़म्बर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर मनाये जाने वाले पवित्र खुशी के त्यौहार ईदमिलादुन्नबी के अवसर पर अंजुमन कमेटी बिश्रामपुर के द्वारा नगर में जश्न ए जुलूस निकाला गया,खुशी के नारों के साथ मुस्लिम समाज का जुलूस स्थानीय मदरसा से होकर बस स्टैंड,फिर सतपता कमेटी से मिलकर रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर तक भ्रमण किया,गौरतलब है कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक,रबी-उल-अव्वल महीने की 12वीं तारीख को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी मनाई जाती है,इस्लाम धर्म की मान्यताओं के अनुसार पैगंबर मोहम्मद का जन्म करीब 570 ईस्वीं में रबी-उल-अव्वल महीने में मिलादुन्नबी के दिन मक्का में हुआ था,बताया गया कि हजरत मोहम्मद का जन्म समाज में फैल रहे अंधकार को दूर करने व बुराइयों को खत्म करने के लिए हुआ था,जुलुस के उपरांत बिश्रामपुर कमेटी के द्वारा कर्बला ग्राउंड में ईदमिलादुन्नबी पर मिलाद शरीफ का धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में सदर सलीम खान, सेक्रेटरी एजाज अहमद, खजांची जलालुद्दीन उस्मानिया, नौजवान सदस्य जुल्फी, सानू खान, समीम खान, खुर्शीद आलम, इस्लाम कुरैशी, जाहिद कुरैशी, जैनुलाब्दीन, अयान खान, इमरान, शाहबाज, परवेज व अन्य मुस्लिम समाज के लोग शामिल रहे।



### नगर में मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी, जगह जगह किया गया स्वागत

**लखनपुर।** शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाया। पैगम्बर मुहम्मद साहब के 1500 वे जन्मदिन पर समाज के लोगों ने भव्य जुलूस का आयोजन किया। शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 से जुम्मे की नमाज अदा करने जामा मस्जिद लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद अंजुमन गौसिया कमेटी सदर हाजी इदरीश खान के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के द्वारा जामा मस्जिद से तिरंगा और इस्लामी झंडे के साथ जुलूस दोपहर 2 निकाला गया। जुलूस पैलेस रोड, अस्पताल चौक, पठानपुरा, अब्दुल कलाम चौक, नेशनल हाईवे 130 स्थित जुनाडीह लखनपुर मुख्य मार्केट, गुदरी चौक होते हुए प्रतीक्षा बस स्टैंड पहुंचा जहां सूर्यवंशी महासभा के जिला अध्यक्ष रघुवर प्रसाद सूर्यवंशी, महासचिव प्रबंधन सूर्यवंशी, संजय सूर्यवंशी, संजय चौधरी सहित अन्य सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा कर जुलूसे मोहम्मदी का स्वागत कर एक दूसरे को गले मिलकर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की बधाई और शुभकामनाएं दी। नगर भ्रमण उपरान्त जुलूस का समापन ईदगाह में किया गया। मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरुओं के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में ह्यूमन गोसिया कमेटी के सदर इदरीश खान, जामा मस्जिद पेशीमाम अमीनुल खालिद, हसन राजा, हाफिज शाकिर, शमशेर आलम, फिरोज खान, इरशाद, समीम खान, गप्पू खान, ताहिर खान, नुसरत अली, लुकमान, शहाबुद्दीन, तबरेज खान, शाहनवाज, मतीन अख्तर, शानू खान, इमरान अंसारी, जानिसार अख्तर, इमरान हुसैन, रुस्तम खान, लतीफ खान, नासिर हुसैन, छोटू खान, आरिफ खान, महबूब हैदर, फिरदौस अख्तर, इनायत अंसारी, सिराज अंसारी, शाहबाज खान, सोमू खान, फैज खान अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।



### नगर में धूम धाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**प्रतापपुर।** नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी की 1500 वी जयंती होने की ख़ुशी मे मुस्लिम समुदाय में अन्य वर्ष की तुलना मे ज्यादा उत्साह देखा गया। ज्ञात हो की जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लहु अलैहि व सल्लम के दुनियां मे आने की की खुशी मे मनाया जाता है। नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद, मदरसा के साथ-साथ गली मोहल्ले को भी सजाया था। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस मोहम्मदी मदरसा गुलशने सेराजिया अहले सुन्नत से शुरू हुई जिसमें बच्चे, नौजवानों तथा बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूसे मोहम्मदी में उम्दा नात खानी और जिकरे मुस्तफा करते हुए जुलूस खोरमा, कदम पारा, बस स्टैंड से होकर गुजरी जो जमा मस्जिद मे आ कर समाप्त हुई। जगह जगह पर समुदाय के लोगों ने मिष्ठान तथा पानी का लंगर लगाया। इस अवसर पर मौलाना मुफ्ती वाहिद अली रिजवी, हाफिज मोहम्द रजा मोवजीन, मुंशीब खैर, सदर मेराजुददीन खान, नयाब सदर मनान खान, सेक्रेटरी बहादुर खान, हफीज अंसारी, नैमुददीन खान, मो. जीशान खान, मुस्ताक रंगसाज, तनवीर अंसारी, इरशाद अली, महबुब अंसारी, एजाज खान, मुंतजिर रंगसाज, जहीर अंसारी, रिजवान खान, गुलाम रब्बानी, कामरान खान, हसन अंसारी, हुसैन अंसारी, गुलाम अंसारी, सिराजुल हक, फिरोज हक, अशरफ खान, अहमद खान, सोनल सिददकी, शौकत रंगसाज, अब्दुल कादिर जिलानी, साहिल हक, अफसर सहित भारी संख्या मे समुदाय के लोग शामिल थे। इस अवसर पर मदरसा गुलशन सेराजिया में मिलाद शरीफ और लंगर का आयोजन किया गया।



## निधन

### रेखा देवी



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल माइनर्स कालोनी समीप झुग्गी बस्ती निवासी रेखा देवी पति स्व.गोरख सिंह का निधन हो गया, वे करीब 50 वर्ष की थीं,उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जिन्हें मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र अविनाश ने दी,वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गई हैं।

## साधुराम विद्या मंदिर में मनाया गया शिक्षक दिवस

**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के अलावा विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के चेयरमैन सुनील अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप-प्राचार्य दीनदयाल तिवारी सहित शिक्षक एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मनोरंजन हेतु खेलों का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने अपने विचार साझा करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं निदेशक ने भी अपने उद्बोधन में छात्रों को मेहनत, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। साथ ही बताया कि शिक्षक दिवस का महत्व विद्यार्थियों को यह याद दिलाना है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। यह दिन हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आदर व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।



### शिक्षक दिवस पर याद किए गए डॉ. राधाकृष्णन

**बिश्रामपुर।** नगर के शासकीय आजाक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर एवं कन्या प्राथमिक शाला शिवनंदनपुर में शुक्रवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, अवकाश होने के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे,संस्था के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य ने विद्यालयीन छात्राओं एवं कैंपस में स्थित छात्रावास के छात्रों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ देश द्वितीय राष्ट्रपति, शिक्षाविद एवं महान दार्शनिक सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया,श्री भट्टाचार्य ने कहा कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान,स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त करना है,शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं,जो छात्रों के जीवन को आकार देकर राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं,शिक्षक दिवस शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक सुअवसर है,यह दिन शिक्षक और छात्र के बीच के पवित्र बंधन को और मजबूत करता है। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता अमर कुमार जैन, विद्युत नंदी, केपी सिंह, मिनी प्रसन्ना, मिनी पाणिकर, जयश्री विजय सुमन गुप्ता, नीतू शर्मा, सत्यांजलि वियोगी, संतोष उपाध्याय, रोशनी सिंह, नेहा कुमारी, रेणु, युगेश साहू तथा प्राशा शिवनंदनपुर में प्रधान पाठक दयामणी लकड़ा, मनीषा लकड़ा, संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय मौजूद थे।



### एमएलए एजुकेशन कोर सेंटर में शिक्षकों का सम्मान

**सीतापुर।** शिक्षकों के सम्मान में एमएलए कोचिंग कोर सेंटर में विधानसभा स्तरीय शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों को विधायक रामकुमार टोप्पो ने सम्मानित किया। शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में एमएलए कोचिंग कोर सेंटर में विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सम्मानित करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है।शिक्षक अपने आप मे एक ज्ञान का भंडार होता है जो बिना किसी भेदभाव के बच्चों पर शिक्षा लुटाता चलता है। वो जहां भी जाता है अपने विद्या की रोशनी से समाज मे उजाला फैला देता है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को पेन एवं शाल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा एमएलए कोचिंग कोर सेंटर में तैयारी करते हुए नगर सैनिक पद पर चुने गए 12 युवाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
E-mail: jowharyhospital44@gmail.com, Web.: www.jowharyhospital.com
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,
एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ. अलका जौहरी
MBBS, DNB (Sec-9, Bhilai)
FAIC (Bhopal)
Diploma in Cosmetic Gynaecology (ICCG)
प्रसूति, स्त्री रोग निःसंतान दम्पति विशेषज्ञ
एण्डोस्कोपिक गायनिक सर्जन
उपलब्ध विभाग
• न्यूरो सर्जरी • नाक, कान, गला
• आर्थो सर्जरी • पीडियाट्रिक सर्जरी
• कैंसर सर्जरी • जनरल सर्जरी
• यूरो सर्जरी • गेस्ट्रो एंट्री सर्जरी
• स्त्री एवं प्रसूति रोग • प्लास्टिक सर्जरी
• एण्डोस्कोपी • स्टेम सेल थेरेपी
भारत में पहली बार
इन्फ्रारेड, न्यूरो सर्जरी
(भयमुक्त न्यूरोसर्जरी)
राइट इफेक्ट नो साइड इफेक्ट
सर्जरी के बाद काम में जल्दी वापसी
उपलब्ध सुविधाएँ-
• 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
• 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
• सर्व सुविधा युक्त आधुनिक मशीनों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
• पैथोलॉजी
• आई.सी.यू.
• वेन्टीलेटर
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी
• दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
• अल्ट्रा साउंड
• एक्स-रे, रेडियोलॉजी
• ई.सी.जी., ई.ई. जी.
• एन. सी. बी. ईको
• फॉर्मेसी (मेडिकल)
0771-4349856
81790-50740
99816-77710
सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड एवं मेडिक्लैम के अन्तर्गत
पता : ढेबर सिटी मोड़ के सामने, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)